# पूरे जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ शुरु होगा अभियान



## कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

सोमवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं, जांच की जाए, जरूरी एक्शन ली जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की समय सीमा में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑर्गेनाइजर्स की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप है तथा सभी चालू हालत में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो, जहां पाइप लाइन खराब है तत्काल सुधारी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे ने बताया कि हाटपिपलिया में नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं।

## आयुष्मान पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संचालित आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि फॉलोअप में ढिलाई नहीं बरती जाएं। अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के पश्चात सही ढंग से समय सीमा में फॉलोअप नहीं लिया जा रहा है जो उचित नहीं है। 26-4-22

दबंग दुनिया
26-4-22

### आखिर कब रुकेगा अपनी ही सांस घोटने का ये सिलसिला

# हरे-भरे नीम, गुलमोहर, अशोक की नृशंस हत्या




रतलाम » दबंग रिपोर्टर

कुछ ही महीनों पहले इंसान कोरोना की दूसरी लहर में एक-एक सांस के लिए तरस रहा था, वहीं आज फिर लालच में उसी सांस को घोटा जा रहा है। सेफायर स्कूल के पीछे कॉलोनी काटने के नाम पर बिना किसी अनुमति के एक दर्जन हरे-भरे नीम, गुलमोहर के पेड़ जड़ से ही उखाड़ दिए। जब पर्यावरण प्रेमियों को इसकी खबर लगी तो उन्होंने मौके पर पंहुचकर हंगामा मचाया। कलेक्टर से लेकर मंत्री तक को शिकायत मिलने पर नगर निगम के अधिकारी पंहुचे और जेसीबी जप्त करके पेड़ काटने वालों के खिलाफ पंचनामा बनाकर कार्रवाई शुरु की।

## कलेक्टर के आदेश पर जब्त हुई जेसीबी

पेड़ काटने की शिकायत पर पंहुचे पर्यावरण प्रेमियों ने काम रुकवाने के साथ ही मौके से फ़ोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करना शुरु किए और शिकायतें भी की। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के पास शिकायत पंहुची तो उन्होंने निगम आयुक्त से चर्चा निर्देशित किया। इसके बाद उद्यान निरीक्षक अनिल पारे और टीम मौके पर पंहुची। उन्होंने जेसीबी जप्त करके आईए थाने पहुंचाया, साथ ही पंचनामा बनाया गया। श्री पारे ने बताया कि अब प्रकरण पर निगम आयुक्त और अधिकारियों द्वारा जुर्माना या अन्य कार्यवाही की जाएगी। वृक्ष अधिनियम के तहत 50 हजार रुपए प्रति पेड़ तक का जुर्माना किया जा सकता है।

दबंग दुनिया 26-4-22

### इन्होंने किया पेड़ों को बचाने का प्रयास

जैसे ही मौके पर पेड़ काटने की सूचना आई वैसे ही अलग-अलग स्तर पर कई पर्यावरण प्रेमियों ने अपने स्तर पर कार्रवाई शुरु कर दी। इसमें अधिवक्ता अदिति दवेसर, प्रीति सोलंकी ने उच्च अधिकारियों से संपर्क किया। युवा समाजसेवी आकाश कोठारी ने भी प्रभारी मंत्री तक को फोन पर शिकायत करते हुए कार्रवाई रुकवाने के लिए कई स्तर पर कोशिश की। पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित, संघ के नवीन पाल, पंडित संजय दवे, मनीष दीक्षित आदि ने भी प्रयास किए।

जानकारी के अनुसार सेफायर स्कूल के समीप की जमीन कॉलोनाईजर संदीप व्यास द्वारा खरीदी गई है। यहीं सेफायर स्कूल आने वाले रास्ते पर हरे और बड़े गुलमोहर, अशोक, नीम के करीब 30 से अधिक पेड़ हैं। सोमवार दोपहर को जेसीबी की मदद से कॉलोनाईजर द्वारा पेड़ काटने का काम शुरु कर दिया गया। एक के बाद एक मशीन से 12 हरे पेड़ जड़ से उखाड़ दिए गए।

सूनसान इलाका और आसपास बस्ती नहीं होने से शुरुआत में लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं हुई। हालांकि कुछ ही देर में जब यहां के एक व्यक्ति ने इसका जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी, तो शहर के पर्यावरण प्रेमियों ने तत्काल मौके पर पंहुचकर काम रुकवाया। शुरु में तो जेसीबी चालक और मौके पर कॉलोनाईजर की ओर से खड़े लोग जवाब देने से बचने का और मौके से भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन बाद में लोगों ने उन्हें भी घेर लिया।

दबंग दुनिया 26-4-22

# प्राचीन धरोहर को मिलेगा नया स्वरूप-विधायक चेतन्य काश्यप

## अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ

अपनी दुनिया



रतलाम। श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ रूपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।

काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा। 25-4-22

कार्यक्रम के आरंभ में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा ब्राखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरिफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरिफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण होगा। इस तरह कुल 12.43 करोड़ रू. की राशि व्यय की जाएगी। प्रारंभ में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, गढ़ कैलाश सेवा समिति के सतीश राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्सलटेंट परेश, रिमझिम व ठेकेदार गुरजीत सिंह ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ से किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी, जिला मंत्री सोना शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, मयुर पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, सुशील सिलावट, सुदीप पटेल, अनिता कटारा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अपनी दुनिया

25-4-22

## देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

रतलाम। देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जा कर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राषि मुआवजे के रूप में दी गई थी।

# 61 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

## दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पुरे दिन का वेतन

अपनी दुनिया

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता-पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 22 व 23 अप्रैल को प्रातः 42 व दोपहर में 19 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा। शुक्रवार को झोन क्रमांक 1 में रानीबाई पति आजाद, लक्ष्मीबाई पति किशोर, रविन्द्र-मांगीलाल, जगदीश-बेजू, सुरेन्द्र-नेहरू, विजय-शांतिलाल, सतीश-गोवर्धन, बादल-दिलीप, विक्की-दिनेश, अजय-विनोद, राकेश-रतनलाल, विजय-फुलचन्द, झोन क्रमांक 2 में रमेश-मुंशी, जितेन्द्र-जीवन, जितेन्द्र-बाबुलाल, महेन्द्र-नेहरू, शकुन्तलाबाई पति रामचन्द्र, शिवकन्याबाइ पति रमेश, राकेश-अशोक, दीपक-राजू, कन्हैया-कमल, झोन क्रमांक 3 में सोनूबाई पति जीवन, राधाबाई पति कैलाश, मुकेश-गोवर्धन,इस तरह 33 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये गये। 25-4-2

# साफ सुथरा आज हो, शहर में स्वच्छता का राज हो

## शहर के उभरते कलाकारों ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश गीत-संगीत के माध्यम से दिया

### रानी शर्मा और मृणाली आठे रही अव्वल




रतलाम। साफ सुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो। देश में रतलाम की एक ही आवाज हो। नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है, रतलाम अपना। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात रतलाम शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश, उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लायंस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत, गायिका संगीता जैन, शासकीय माध्यमिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती राधा पाटीदार, लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमर सारस्वत और सचिव राजेश भार्गव उपस्थित रहे। रंगबिरंगी रोशनी और एलएडी से जगमगाते लायंस सभागृह में आयोजित स्वच्छता और पर्यावरण जागरुकता गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर समूह आयोजित की गई थी। उपस्थित सभी अथितियों को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्मृति चिन्हे भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या पाटीदार ने किया व आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पांचाल ने माना।

**रानी शर्मा और मृणाली आठे ने बाजी मारी**-स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के परीणामों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अपनी दुनिया 25-4-22

अपनी दुनिया

25-4-22

# झोलाछाप पर कार्रवाई शुरू करें, गठित होगा दल

## रिंगनोद में छह साल के बालक की मौत का मामला, कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डाक्टरों पर सख्त कार्रवाई के लिए दल गठित किए जाएं। जांच कर जरूरी एक्शन लें। यह निर्देश सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को झोलाछाप पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जिला चिकित्सालय में डाक्टरों की समय सीमा में उपस्थिति व ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डाक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ आर्गेनाइजर की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वानिधि योजना में एक हजार हितग्राहियों को राशि वितरण के साथ ही मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में 500 हितग्राहियों को राशि वितरण 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन व एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी।

आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा में कहा कि अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के पश्चात सही ढंग से समय सीमा में फालोअप नहीं लिया जा रहा है। कोविड सैंपल संख्या वृद्धि के भी निर्देश दिए। खनिज विभाग की धरपकड़ कार्रवाइयों की समीक्षा भी की गई।



कलेक्टोरेट सभागार में टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। •नईदुनिया

26-4-22

नईदुनिया

# 'मलेरिया से बचाव करें, घर में स्वच्छता रखें'

## विश्व मलेरिया दिवस पर जनजागरूकता रैली निकाली

रतलाम। विश्व मलेरिया दिवस सोमवार को मलेरिया विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मनाया गया। जनजागरूकता रैली भी निकाली गई। इसमें शामिल स्वास्थ्यकर्मियों ने हाथों में 'हम सबको जागरूक हो जाना है, मलेरिया को दूर भगाना है', 'एक-दूसरे को जागरूक करते जाए, समाज को मलेरिया से बचाएं', 'मलेरिया से बचाव करें, घर में स्वच्छता रखें', 'मलेरिया हो सकता है जानलेवा, मच्छरों से परिवार की करो सुरक्षा व सेवा' आदि स्लोगन लिखी तख्तियां थामकर जागरूकता का संदेश दिया।

रैली आइईसी एवं माइकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए शहर के लोकेंद्र टाकीज, शहर सराय, नाहरपुरा, कालेज रोड होते हुए जिला अस्पताल पहुंची। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जीआर गौड़, जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति, जिला मीडिया अधिकारी आशीष चौरिया, जिला एपिडिमियोलाजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल, जिला उप मीडिया अधिकारी सरला कुरील, सहायक मलेरिया अधिकारी नरवरेसिंह वसुनिया, प्रवीण गामड़, शहर बीई लोकेश वैष्णव, एंटी लार्वा प्रभारी सुनील दुबे, शहरी आशा कार्यकर्ता, मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।




रतलाम में मलेरिया दिवस पर निकली जागरूकता रैली। •नईदुनिया

26-4-22

### डा. प्रजापति व प्रवीण गामड़ पुरस्कृत होंगे

विश्व मलेरिया दिवस पर 26 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिले से मलेरिया उन्मूलन की दिशा में सराहनीय कार्य करने वाले जिला वीबीडी सलाहकार डा. प्रमोद प्रजापति तथा मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाइजर प्रवीण गामड़ को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# चुपचाप हो गया ओडीएफ डबल प्लस का सर्वे, अब जीएफसी की तैयारी

## 100 प्रतिशत कचरा कलेक्शन बताने पर मिलेंगे फाइव स्टार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-4-22

सफाई की मुख्य परीक्षा (स्वच्छ सर्वेक्षण) के बाद ओडीएफ डबल प्लस का सर्वे भी चुपचाप निपट गया। इसमें एक सदस्यीय टीम ने तीन दिन तक सर्वे किया। सारा डाटा दिल्ली रवाना हो गया है। उसका विश्लेषण करने पर सरकार नगर निगम को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट जारी करेगी। इसके लिए निगम के अफसर इसलिए आश्वस्त है क्योंकि यह तीन साल लगातार मिल रहा है। अब चिंता गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) के सर्वे की होने लगी है। इसकी रेटिंग के लिए निगम फाइव स्टार का दावा कर रखा है। सर्वे करने के लिए टीम कभी भी आ सकती है।

चुनौती यह है कि नगर निगम को शहर का 100 प्रतिशत कचरा उठाना है। उसी आधार पर स्टार रेटिंग मिलेगी। कचरा संग्रहण कमजोर रहने पर रेटिंग बीते दो साल की तरह जीरो मिल सकता है। फिलहाल अफसरों का पूरा फोकस डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर है। इसके चलते सोमवार को कचरा कलेक्शन वाहनों रिकॉर्ड 252 ट्रिप लगाई। वहीं दोनों शिफ्ट में सफाई ठीक से हो इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगा दी है। वे दोनों समय चेकिंग कर रहे हैं।

### कचरा ज्यादा उठाने सोमवार को नगर निगम का एक्शन

- **कचरा कलेक्शन वाहनों ने लगाई 252 ट्रिप** - सोमवार को 104 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। इसके लिए कचरा कलेक्शन वाहनों को 252 ट्रिप लगाना पड़ी। इससे सूखा 49440 किलो और गीला 25075 किलो तथा डंपर से 22105, ट्रैक्टर से 7640 किलो कचरा पहुंचा।
- **10 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा** - दिन की तरह रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था से भी 10 कर्मचारी बिना अनुमति और सूचना दिए ड्यूटी पर नहीं आए। आयुक्त ने सभी का एक दिन का वेतन काट दिया है।
- **ड्यूटी पर नहीं आए, 27 कर्मियों पर कार्रवाई** - सोमवार को 27 कर्मचारी सफाई करने ही नहीं पहुंचे। इनमें 19 सुबह की शिफ्ट के, जबकि 6 दोपहर की शिफ्ट के हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दे दिए हैं। कारण बताओ नोटिस भी भेजा जा रहा है।

# नेशनल लोक अदालत 14 मई को लगेगी

26-4

रतलाम | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। इसमें समझौता योग्य मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की बात प्रधान न्यायाधीश ने कही है।

26-4-22

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



रतलाम | अभा सफाई मजदूर कांग्रेस द्वारा 18 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। उसी आह्वान के तहत सोमवार को निगम के कर्मचारियों ने कलेक्टर व निगमायुक्त के नाम ज्ञापन दिया। दिए ज्ञापन में बताया कि मप्र के 52 जिले व नगर परिषदों की वर्षों पुरानी 18 सूत्री मांगों के समर्थन में 11 अप्रैल चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसके तहत चौथे चरण में सोमवार को ज्ञापन दिया। पांचवें चरण में प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारी 1 मई को सामूहिक अवकाश पर रहते हुए 'कामबंद' करेंगे। कमल भाटी, रामलाल कल्याणे, विजय खरे, अशोक हाडा, संजय पेमाल, विजय भाटी, बी एल चांवरे, लेखराज भाटी, दिनेश ऊंटवाल, संतोष भाटी, सुरेंद्र आर्य, चंदन तंवर, सचिन कलोसिया, राजा गोहर सहित बड़ी संख्या में निगम कर्मचारी मौजूद रहे

26-4-22

अवैध कॉलोनियों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहीं अवैध कॉलोनियां विकास के लिए खतरा

## सुझाव- राज्य सरकारे अवैध कॉलोनियों को रोकने की व्यापक योजना बनाए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

26-4-22

देशभर में अवैध कॉलोनियां बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। जस्टिस एल नागेश्वर राव और जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने कहा, देशभर में अवैध कॉलोनियां कुकुरमुत्ते की तरह पनप रही हैं, जो शहरी विकास के लिए खतरा हैं। इसे रोकने के लिए राज्यों को व्यापक कार्य योजना बनानी चाहिए। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायण को न्यायमित्र नियुक्त कर सुझाव मांगे हैं। कोर्ट सामाजिक कार्यकर्ता जुव्वाड़ी सागर राव की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिकाकर्ता के वकील श्रवण कुमार ने कहा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु की सरकारें बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनियों को नियमित कर रही हैं। इससे विकास अनियमित हो जाएगा। अवैध कॉलोनियों से पेयजल संकट, गंभीर शहरी बाढ़, जलभराव और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। सरकार के फैसले से अवैध निर्माण रुकने की जगह बढ़ेगा। इस पर जस्टिस राव ने कहा, हैदराबाद और केरल की बाढ़ अनियमित कॉलोनियों के कारण आई थी। राज्य सरकारों को अवैध कॉलोनियों को रोकने की व्यापक योजना बनानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया कि जब तक व्यापक कार्य योजना नहीं बनती, तब तक ऐसी कॉलोनियों के पंजीकरण पर रोक लगानी चाहिए।

## मप्र में 6876 अवैध कॉलोनियों को किया जा रहा नियमित, इनमें भोपाल की 320

मप्र में 6876 अवैध कालोनियों को नियमित किया जा रहा है। ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर में ऐसी कॉलोनियां सबसे ज्यादा हैं। इसमें से भोपाल में 320 अवैध कॉलोनियां हैं। लेकिन यह ये कॉलोनियां हैं जो 2016 तक डेवलप हो गई थीं। प्रदेश के नए कानून में अवैध कॉलोनी डेवलप करने पर सात साल की सजा और दस लाख तक का जुर्माना का प्रावधान होने के बावजूद इस पर कोई रोक नहीं लग रही है। राज्य शासन ने अगस्त 2021 में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण का नया कानून बनाया था। इस कानून के आधार पर दिसंबर 2021 में नए सिरे से नियम तय हुए।

## दिल्ली के सरोजिनी नगर में 200 अवैध झुग्गियों को हटाने पर रोक : सुप्रीम कोर्ट


दिल्ली के सरोजिनी नगर की 200 अवैध झुग्गियों को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस ऋषिकेश रॉय की पीठ ने केंद्र से जवाब मांगते हुए अगले आदेश तक झुग्गियां हटाने पर रोक लगा दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 4 अप्रैल को ये झुग्गियां हटाने का आदेश दिया था। झुग्गी निवासी 10वीं की छात्रा ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि झुग्गी पुनर्वास समिति के तहत 1 जनवरी, 2006 से पहले की झुग्गियां हटाने से पहले लोगों का पुनर्वास किया जाएगा।

भास्कर
26-4-22

कुत्तों के काटने की शिकायतें पहुंच रहीं थाने, रोज 5 से 7 लोग जिला अस्पताल पहुंच रहे

# लोगों को लड़वा रहे कुत्ते.. पड़ोसी एक-दूसरे को मारने दौड़े, दे दी जान से मारने की धमकी

डरा रहे डॉग्स




भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-4-22

कुत्ते अब पड़ोसियों को लड़ाने लगे हैं। सोमवार को रत्नेश्वर रोड पर कुत्तों के काटने दौड़ने की बात को लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्र थाने में एफआईआर करवाई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

रत्नेश्वर रोड निवासी गणपत माली (75) व पड़ोसी रेखा भोई (45) में गली के कुत्तों को लेकर विवाद हो गया। गणपत ने एफआईआर करवाई कि रेखा भोई और राजू जगदीश भोई ने गली में कुत्ते पाल रखे हैं जो काटने दौड़ते हैं। यह बात जब इनको कही तो दोनों गालियां देने लगे और मारने दौड़े। रेखा भोई ने एफआईआर करवाई कि मैं कुत्तों को रोटी डालती हूं। इसी बात को लेकर गणपत माली व उसके बेटे ओमू ने मुझे गालियां दी, मारने दौड़े और जान से मारने की धमकी दी।

## 10 दिन में 60 को स्ट्रीट डॉग तो 20 को पालतू कुत्तों ने काटा





जवाहर नगर निवासी वरुण को मोहल्ले में स्ट्रीट डॉग ने काट लिया।

### एफआईआर... इस महीने ये शिकायतें पहुंचीं थाने और प्रकरण दर्ज हुए

गंगासागर कॉलोनी निवासी बालजी गरासिया ने कुत्ते के काटने पर औद्योगिक क्षेत्र थाने में कुत्ता मालिक के खिलाफ एफआईआर करवा चुके हैं। रेलवे कॉलोनी निवासी प्रतिभासिंह ने पालतू कुत्ते के काटने पर मोहल्ले में रहने वाले उसके मालिक के खिलाफ आईए थाने में आवेदन दिया है। श्रीनगर निवासी ओमप्रकाश मेहता ने भी आईए थाने में पालतू कुत्ते के काटने की शिकायत की है।

### पहल : भास्कर ने बढ़वाया कॉलम तो पालतू व स्ट्रीट डॉग का आंकड़ा पता चला

दैनिक भास्कर के सुझाव पर जिला अस्पताल के डॉग बाइट रजिस्टर में एक कॉलम और बढ़वाया कि पालतू या स्ट्रीट डॉग ने काटा। दस दिन में 80 लोगों को कुत्तों ने काटा। रजिस्टर के अनुसार इसमें 60 लोगों को स्ट्रीट डॉग तो 20 लोगों को पालतू कुत्तों ने काटा। सोमवार को 5 लोगों को कुत्तों ने शिकार बनाया।

### रजिस्ट्रेशन... 28 ने कुत्ते पालने का लाइसेंस लिया

शहर के 28 लोगों ने कुत्ते पालने का रजिस्ट्रेशन करवाया है। हर व्यक्ति को दो कुत्ते पालने का लाइसेंस दिया जा रहा है। सूचना के बावजूद कई लोग रजिस्ट्रेशन करवाने नहीं पहुंच रहे हैं।

### बधियाकरण की धीमी गति.. 3500 कुत्तों की ही नसबंदी

संतुलन जीव कल्याण संस्था को नगर निगम ने बधियाकरण का काम सौंपा है। चार महीने में संस्था ने 3500 कुत्तों की ही नसबंदी की है। 7 हजार नसबंदी का टारगेट है। बधियाकरण के दौरान कुत्तों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने से लोगों को कुत्तों के काटने पर रैबीज होने का खतरा कम हो जाता है। संस्था के डॉ. नवीश मेहरा ने बताया कि कुत्तों का बधियाकरण किया जा रहा है। हम जल्द ही 7 हजार का टारगेट पूरा करेंगे।

भास्कर 26-4-22

# अपूर्वा नगर व भवानी नगर में 4 दिन से पानी आया, टैंकर मंगवाने की मजबूरी

गंगासागर टंकी से शाम को जलप्रदाय, कई इलाकों में टैंकरों से सप्लाई हो रही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-4-22

जिले में गर्मी के साथ ही लापरवाही भी पानी की परेशानी का सबब बन रही है। अपूर्वा नगर और भवानी नगर के लोगों को पिछले 4 दिन से पानी नहीं मिल सका। पानी की पाइपलाइन फूटने के कारण यह परेशानी आ रही है। सोमवार को गंगासागर टंकी से शाम को जलप्रदाय हो सका है।

जिले में तेज गर्मी का दौर जारी है, ऐसे में पानी की सप्लाय नहीं होना बड़ी समस्या पैदा कर रहा है। निराला नगर, अपूर्वा नगर, भवानी नगर में जलप्रदाय करने वाली पाइपलाइन टेलीकॉम कंपनी की खुदाई में फूट गई। इससे क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं हो सका।

सोमवार को लोग पानी मिलने की उम्मीद में थे, लेकिन सोमवार को भी ऐसा ही हुआ। क्षेत्रवासी योगेश श्रीवास्तव ने बताया पानी नहीं मिलने से परेशानी खड़ी हो गई है। पानी कब आएगा... आएगा भी या नहीं... इसे लेकर कोई भी अनाउसमेंट भी नहीं किया जा रहा है। सोमवार को भी असमंजस की स्थिति बनी रही, आखिर में शाम को पानी का टैंकर मंगवाना पड़ा है। अभी आगे को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इधर, सोमवार को गंगासागर टंकी से शाम को ही जलप्रदाय हो सका है। टंकी से जुड़े क्षेत्रों को शाम 5 बजे पानी दिया गया। इधर, अलग-अलग इलाकों में टैंकरों से पानी की सप्लाय जारी रही है। दरसअल, धोलावड़ डैम में पानी का लेवल घटने से भी परेशानी हो रही है। शहर में टैंकरों से पानी बांटने की नौबत बन रही है। शहर की प्रमुख पोलोग्राउंड, गोशाला और गंगासागर पानी की टंकियां समय पर नहीं भर पा रही है।

# सरकारी गली पर कब्जा कर मल्टी बनाई, नोटिस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आलोट में बस स्टैंड के पास सालासर बालाजी कॉलोनी में एक 10 फीट की सरकारी गली पर कब्जा कर मल्टी बनाने के मामले में नगरपालिका ने नोटिस दिया है। अरवा पति हुसैन बोहरा निवासी जावरा का कॉलोनी में 60 बाय 40 का प्लॉट था लेकिन इन्होंने 10 फीट की सार्वजनिक गली पर कब्जा करते हुए वहां निर्माण कर लिया। सोमवार को नगर परिषद सीएमओ चंद्रशेखर सोनिस ने अरवा बोहरा के नाम नोटिस देते हुए तीन दिन में दस्तावेज व निर्माण परमिशन बताने करे कहा है। इसके बाद अवैध हटाया जाएगा।

### गली/रास्तों पर कब्जे की करें शिकायत

नगरीय निकायों में सरकारी गलियों पर कब्जे की शिकायतें बढ़ गई हैं। कई जगह पर रास्ते तक बंद कर दिए हैं। रहवासियों को घूमकर जाना पड़ रहा है। आपके क्षेत्र में भी ऐसे ही किसी ने रास्ता रोक रखा है तो सीएम हेल्पलाइन, निगम आयुक्त अथवा कलेक्टर को मय प्रमाण शिकायत कर सकते हैं। जांच कर प्रशासन अवैध निर्माण हटाएगा।

भास्कर 26-4-22

# पशुओं को सड़कों पर आवारा छोड़ा तो पांच हजार जुर्माना

## कैबिनेट आज, मुंबई की जमीन बेचेगी सरकार

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425078939

26-4-22

यूपी में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव से पहले आवारा पशुओं का मुद्दा जमकर उठा था। इसके बाद सरकार ने सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं के मामले में मालिक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाने का कानून लागू किया है। अब मप्र में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले सरकार आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने के लिए 5 हजार का जुर्माना लगाने की तैयारी में है। इस संबंध में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में नए कानून को मंजूरी मिलने की सभांवना है। उधर, सरकार मुंबई में स्थिति 10,460 टैंक बंदर रोड स्थित जमीन बेचने जा रही है।

प्रदेश में वर्तमान में आवारा पशुओं के सड़कों पर घूमते पाए जाने पर 25 रुपए का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इसके बाद पशु मालिक से रोज 50 रुपए प्रति पशु के हिसाब से जुर्माना लिया जाता है। अब सरकार इसे बढ़ाकर 5 हजार रुपए करने जा रही है। इसके लिए कैबिनेट में मप्र नगर पालिक विधि संशोधन अध्यादेश 2022 लेकर आ रही है। इसे बाद कानून बनाने प्रस्ताव विधानसभा में लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में प्रदेश में औषधि, सामग्री एवं उपकरण की खरीदी के लिए गठित मप्र पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कार्पोरेशन के लिए स्वीकृत पदों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। भारतीय वन सेवा में पीसीसीएफ के 4 पद एक साल के लिए मंजूर करने का भी प्रस्ताव है। पिछली कैबिनेट में यह प्रस्ताव डिफर कर दिया था।

### स्वरोजगार योजनाओं को मिलेगी मंजूरी

राज्य सरकार प्रदेश में अजा वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार से लगाने के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख तक का लोन देगी। इसके अलावा डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में स्वयं का उद्योग स्थापित करने एक करोड़ तक की मदद देगी। साथ ही मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण में एक लाख तक के लोन के लिए 7 प्रतिशत तक ब्याज भरेगी।

पिपुल्स
26-4-22

अ०नि०भा०

# 27 को 21 हजार परिवारों को गृह प्रवेश कराएंगे शिवराज

25-4

**कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा**

भोपाल। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल को एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। वे 21 हजार परिवारों को गृह प्रवेश कराएंगे और 30 हजार से अधिक आवासों के लिए भूमि पूजन करेंगे। कार्यक्रम भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित होगा। इस मौके पर सिंगल क्लिक से 50 हजार हितग्राहियों के बैंक खातों में पांच सौ करोड़ रुपये जमा कराए जाएंगे। इन आवासों की लागत 3900 करोड़ रुपये है। उधर, प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित नागरिक और लाभार्थी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री हितग्राहियों से वर्चुअल चर्चा भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विभाग के राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनसंपर्क के पोर्टल, दूरदर्शन एवं इंटरनेट मीडिया से किया जाएगा।



भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की।

# हितग्राही को किस्त नहीं मिली तो सीईओ पर गिरेगी गाज

भोपाल। प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त डेढ़ महीने तक हितग्राहियों को नहीं देने वाले जनपद पंचायतों के 50 सीईओ (मुख्य कार्यपालन अधिकारियों) पर गाज गिर सकती है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इन सभी को सात दिन में रुकी हुई किस्त का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने मैदानी अधिकारियों से साफ कहा है कि चार से पांच हजार आवासों का निर्माण जल्द पूरा करें। वहीं जिला पंचायत के सीईओ से कहा है कि रणनीति बनाकर यह काम पूरा कराएं। विभाग की वीडियो कांफ्रेंस में प्रत्येक जिले में आवास निर्माण की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान पता चला कि सिंगरौली, सागर, रीवा, सतना, बालाघाट, झाबुआ, आलीराजपुर, सिवनी, मंडला और सीधी जिलों में तीसरी किस्त बांटे जाने के बाद भी आवास अधूरे हैं।

अ०नि०भा०
25-4-22

# गैरहाजिर 25 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। इसके तहत सोमवार सुबह 19 व दोपहर में छह सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

जोन क्रमांक-एक में पुष्पाबाई पत्नी प्रहलाद, बादल-दिलीप, उमेश-प्रहलाद, विजय-सुरेश, अजय-विनोद, विजय-फूलचंद, जोन क्रमांक-दो में धनराज-बसंत, विक्रम-रामलाल, रानीबाई पत्नी धीरज, राजू-अब्बी, उषाबाई पत्नी धन्नालाल, संगीताबाई पत्नी अनिल, रेखाबाई पत्नी जगदीश, इंद्राबाई पत्नी दिनेश, दीपक-राजू, कन्हैया-कमल, संजय-शिव, जोन क्रमांक-तीन में मुकेश-दिनेश, रीना पत्नी मुकेश, दोपहर की शिफ्ट में जोन क्रमांक-दो में रघुवीर-पूनमचंद्र, नरेंद्र-पप्पू, मनोरमाबाई पत्नी मदन, अनिताबाई पत्नी दीपक, लक्ष्मीबाई पत्नी दीपक, जोन क्रमांक-तीन में दिनेश-बाबूरामा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए।

**10 कर्मचारियों का वेतन काटा :** शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त द्वारा रविवार को निरीक्षण किए जाने पर राहुल-राजकपूर, अमन-सुदेश, अमित-बालकिशन, संदीप-संजय, विक्रम-कुंदन, राकेश-रमेश, महेश-मिट्ठू, सुनील-रतन व तेजकिरण-देवकरण कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश संबंधित को दिए गए।

## 11.98 लाख राजस्व प्राप्त

रतलाम। नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, लाइसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराए गए करों के तहत सोमवार को 11 लाख 98 हजार 622 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। संपत्तिकर कार्यालय को 396618, वसूली दल को 120000, जलकर कार्यालय को 395865, वसूली दल को 131440, स्पाट फाइन दल को 30000, दुकान-गुमटी किराया कार्यालय को 77990, वसूली दल को 14788 व कंपाउंडिंग फीस के 31921 रुपये प्राप्त हुए। नई दुनिया 26-4-22

# 104 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया पहुंचाया

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किए जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 104 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 22105 किलो, ट्रैक्टर से 7640 किलो, मैजिक सूखा कचरा 49440 किलो, मैजिक गीला कचरा 25075 किलो जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। 26-4 नई दुनिया

नई दुनिया
26-4-22

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सुचारू पेयजल प्रदाय पर ली आपात बैठक

## पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, पीएचई और जल संसाधन आदि विभागों की समन्वित योजना बनाने के दिए निर्देश



भोपाल । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में गर्मी के मौसम में सुचारू पेयजल प्रदाय को लेकर प्रातः 6-30 पर निवास कार्यालय में आपात बैठक बुलाई। बैठक में अपर मुख्य सचिव पीएचई श्री मलय श्रीवास्तव, जल निगम के प्रबंध संचालक श्री तेजस्वी.एस.नायक, कमिश्नर भोपाल श्री गुलशन बामरा, प्रमुख अभियंता श्री के.के. सोनगरिया तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में पेयजल की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पेयजल और पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए निर्देश दिए कि लो प्रेशर तथा बिजली के कारण टंकियों में पानी नहीं भर पाने जैसी समस्याओं और गैप्स को चिन्हित कर तत्काल समाधान किया जाए। विद्युत आपूर्ति के संबंध में त्वरित समन्वय की व्यवस्था स्थापित की जाए ।जहाँ आवश्यकता हो वहां हैंडपंप की व्यवस्था और जहाँ पानी के परिवहन की आवश्यकता हो वहाँ पानी का परिवहन करा कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जलापूर्ति के लिए जितनी अधोसंरचना निर्मित हुई है, उसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए। स्टाफ की कमी आउटसोर्स तथा अमले की अन्य आवश्यक व्यवस्था कर दूर की जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अधिकारी मैदानी स्तर की केवल अच्छी स्थिति ही नहीं दिखाए, समस्याओं की भी जानकारी दें। समस्याओं का समाधान करना और आवश्यक समन्वय कर हल निकालना हमारी जिम्मेदारी भी है और धर्म भी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति में ग्राम स्तर तक जो भी समस्याएँ आ रही हैं, जो भी गैप्स हैं, उनकी जानकारी मुझे तत्काल दी जाए। रियल टाइम सिचुएशन से मुझे अवगत कराया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूरे प्रदेश से पानी की समस्या की जानकारी मिल रही है। लोगों को राहत देना हमारा कर्त्तव्य है। अधिकारी गाँव-गाँव जाएं, समस्या देखें और उसके निराकरण के लिए कार्य कर लोगों को समाधान बताएं। मैदानी स्तर पर पानी आपूर्ति की व्यवस्था में लगे अमले को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को तत्काल प्रदेश स्तर के अमले की बैठक लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मूलभूत आवश्यकताओं पर जनता की समस्या देखकर मन व्यथित होता है । जनता की मूलभूत आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से जुड़े इन पदों पर बैठकर, यदि यह तड़प नहीं है, तो हम लोक सेवक का दायित्व नहीं निभा रहे हैं। 26-4-22

राज्य सरकार के पास उपलब्ध अमला बेहतर कार्य कर सकता है। कर्मचारियों की क्षमता का पूरा उपयोग किया जाए। पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को जनता को उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारियों, अधिकारियों को भावनात्मक रूप से भी प्रेरित किया जाए। जलापूर्ति के लिए ग्रामीण विकास, नगरीय विकास ,पीएचई, सिंचाई विभाग आदि की समन्वित योजना बनायी जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समस्या ग्रस्त इलाकों में तत्काल राहत देने के साथ-साथ इन क्षेत्रों का स्थाई समाधान निकालने के निर्देश भी दिए । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जहाँ आवश्यक हो वहाँ जल जीवन मिशन की योजनाओं का आकलन कर उनमें सुधार किया जाए।

26-4-22

# विश्व मलेरिया दिवस मनाया



पिपलौदा » दबंग रिपोर्टर

विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रमोद प्रजापति के मार्गदर्शन में बीएमओ डॉ योगेंद्र सिंह गामड़ की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

सुपरवाइजर अशोक पोरवाल द्वारा कर्मचारियों,आमजन को मलेरिया के संबंध में जानकारी दी गई। मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने, मच्छरदानी का उपयोग करने, बुखार आने पर खून की जांच आर डी किट से करवाए। शासन का लक्ष्य है कि 2030 तक मलेरिया को समाप्त करना है। डॉ. पवन पाटीदार, डॉ. दीपक शाह, रामसिंह खराड़ी आदि उपस्थित थे। 26-4-22

# रतलाम हेरिटेज वाक आयोजित



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में रविवार को रतलाम हेरिटेज वॉक आयोजित की गई। इस दौरान महलवाडा तथा गुलाब चक्कर के इतिहास, कला, निर्माण शैली, वास्तु कला इत्यादि की जानकारी उपस्थित व्यक्तियों को दी गई। हेरिटेज वॉक में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक, हेरिटेज की विनीता तंतिड, प्रतीक दलाल आदि उपस्थित थे। महलवाडे तथा गुलाब चक्कर के इतिहास तथा अन्य जानकारियों से विनीता तंतिड द्वारा अवगत कराया। शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के संबंध में जानकारी दी गई।

26-4-22

दबंग दुनिया
26-4-22



# महलवाड़ा की पुरानी कला को देखा.. 25-4

**रतलाम, नप्र।** महलवाड़ा तथा गुलाब चक्कर के इतिहास, कला, निर्माण शैली, वास्तु कला को नगरवासियों ने जाना। प्रभात किरण

जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् ने कल रविवार को रतलाम हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। हेरीटेज वॉक में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक, रतलाम हेरिटेज की विनीता तातेड, प्रतीक दलाल सहित लगभग पचास से ज्यादा व्यक्ति मौजूद रहे। हेरिटेज वॉक में महलवाडे तथा गुलाब चक्कर के इतिहास तथा अन्य जानकारियों से अवगत कराए जाने के साथ शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के संबंध में जानकारी दी गई।

प्रभात किरण

25-4-22

### जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए

# कलेक्टर ने झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए

26-4-22



**स्वतंत्र समय, रतलाम।** सोमवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं, जांच की जाए, जरूरी एक्शन ली जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम ग्रामीण सुश्री कृतिका भिमावद, एसडीएम राजेश शुक्ला तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की समय सीमा में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑर्गेनाइजर्स की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप है तथा सभी चालू हालत में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो, जहां पाइप लाइन खराब है तत्काल सुधारी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे ने बताया कि हाटपिपलिया में नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं। बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वानिधि योजना में 1 हजार हितग्राहियों को राशि वितरण अप्रैल माह के अंत तक करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में 500 हितग्राहियों को राशि वितरण आगामी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संचालित आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि फॉलोअप में ढिलाई नहीं बरती जाएं। अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के पश्चात सही ढंग से समय सीमा में फॉलोअप नहीं लिया जा रहा है जो उचित नहीं है। कलेक्टर ने कोविड-19 सेंपलिंग कार्य में सैंपल संख्या वृद्धि के निर्देश दिए। खनिज विभाग की धरपकड़ कार्रवाइयों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कार्रवाईयां सतत जारी रखने के निर्देश दिए। स्वतंत्र समय

स्वतंत्र समय
26.4.22

## रतलाम हेरिटेज वॉक आयोजित की गई

अग्निबाण 25-4



रतलाम। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में रविवार को रतलाम हेरिटेज वॉक आयोजित की गई। इस दौरान महलवाड़ा तथा गुलाब चक्कर के इतिहास, कला, निर्माण शैली, वास्तु कला इत्यादि की जानकारी उपस्थित व्यक्तियों को दी गई। हेरिटेज वॉक में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक, रतलाम हेरिटेज की सुश्री विनीता तांतेड, प्रतीक दलाल सहित लगभग 50 व्यक्ति उपस्थित थे। महलवाडे तथा गुलाब चक्कर के इतिहास तथा अन्य जानकारियों से सुश्री विनीता तांतेड द्वारा अवगत कराया गया तथा शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के संबंध में जानकारी दी गई।

अग्निबाण 26-4-22


**प्रदेश में कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट : जबलपुर में महिला की मौत**

# प्रदेश के 35 प्रतिशत एक्टिव केस इंदौर में, सीएम बोले- निगरानी रखें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

26-4-22

जबलपुर में कोरोना संक्रमित 77 साल की महिला की मौत दर्ज हुई है। एक महीने बाद प्रदेश में कोरोना से मौत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले मंदसौर में 19 मार्च को एक व्यक्ति की मौत हुई थी। फिलहाल प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 70 पार पहुंच गई है। इनमें 35% एक्टिव केस इंदौर में हैं। पड़ोसी राज्यों में कोरोना के नए ए वैरिएंट के केसेस मिलने के बाद स्वास्थ्य महकमा मप्र में पहले ही अलर्ट जारी कर चुका है। बढ़ते खतरे को देखते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग और एनएचएम के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की।



बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जिलों की स्थिति पता की। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है। फिलहाल इसे लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सीएम ने उन जिलों को निगरानी करने के निर्देश दिए हैं, जहां केस बढ़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के वैक्सीनेशन में तेजी लाने को भी कहा। प्रदेश के 52 में से 48 जिलों में एक भी कोरोना का केस नहीं है। रिकवरी रेट 3.6% है।

## टेस्टिंग कैपेसिटी 1.24 लाख, मगर जांच सिर्फ 6 हजार हो रही

जनवरी में कोरोना की तीसरी लहर गुजरने के बाद मप्र सरकार ने 22 फरवरी को कोरोना के सभी प्रतिबंध हटा दिए थे। कोरोना का खतरा कम होने के बाद लोगों ने भी मास्क पहनना बंद कर दिया है। प्रदेश में कोरोना की प्रतिदिन जांच क्षमता 1.24 लाख है, लेकिन अब रोजाना सिर्फ 5-6 हजार लोगों की जांच हो रही है। संक्रमण कम होने के बाद से वैक्सीनेशन कराने वालों का आंकड़ा भी लगातार कम होता जा रहा है।

### नहीं हो रही जांच

स्वास्थ्य महकमा भले ही कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर मप्र में अलर्ट जारी कर चुका है, लेकिन महाराष्ट्र, गुजरात सहित कई पड़ोसी राज्यों में ए वैरिएंट के मरीज मिलने के बाद भी कहीं पर भी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट जैसे एंट्री पॉइंट्स पर कोरोना की जांच नहीं हो रही है।

अवन्तिका
26-4-22

# झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए दल बनेंगे, शुरू होगी जांच



रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को संपन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

## ▶ समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं, जांच की जाए, जरूरी एक्शन ली जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भिमावद, एसडीएम राजेश शुक्ला तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की समय सीमा में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑर्गेनाइजर्स की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी यहं सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप हैं तथा सभी चालू हालत में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो, जहां पाइप लाइन खराब है तत्काल सुधारी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे ने बताया कि हटपिपलिया में नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं। नवभारत

बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वानिधि योजना में 1 हजार हितग्राहियों को राशि वितरण अप्रैल माह के अंत तक करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में 500 हितग्राहियों को राशि वितरण आगामी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए गए। 26-4-22

आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संचालित आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि फॉलोअप में ढिलाई नहीं बरती जाएं। अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के पश्चात सही ढंग से समय सीमा में फॉलोअप नहीं लिया जा रहा है जो उचित नहीं है। कलेक्टर ने कोविड-19 सैंपलिंग कार्य में सैंपल संख्या वृद्धि के निर्देश दिए। खनिज विभाग की धरपकड़ कार्रवाइयों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कार्रवाईयां सतत जारी रखने के निर्देश दिए।

नवभारत

26-4-22

पत्रिका की खबर के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिए निर्देश

# कलेक्टर बोले शहर से गांवों तक कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।


**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com


**रतलाम.** जिलेभर में सूखते जलाशयों को लेकर पत्रिका द्वारा समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस पर संज्ञान लिया है। कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुलाई गई बैठक में जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। व्यवस्था को बनाए रखने के लिए शहर में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को निर्देश दिए। पीएचई को भी यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप हैं, सभी चालू हालत में हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि हाटपिपलिया में नल-जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी।

## झोलाछाप पर करें कार्रवाई

21-4-22

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं, जांच की जाए और जरूरी एक्शन ली जाए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में काम की धीमी गति पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संचालित आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा की और निर्देश दिए कि फॉलोअप में ढिलाई नहीं बरती जाएं। अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के बाद सही ढंग से समय सीमा में फॉलोअप नहीं लिया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

## यह रहे बैठक में मौजूद

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भिमावद, एसडीएम राजेश शुक्ला तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पत्रिका।

# झोलाछाप पर कार्रवाई के साथ ही पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें-कलेक्टर

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं। एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारी झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ करें।

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की समय-सीमा में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑर्गेनाइजर्स की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया।



**नगर में 768 नलकूप चालू हालत में**- कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जलसंकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप हैं तथा सभी चालू हालत में हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो। जहां पाइप लाइन खराब है, तत्काल सुधारी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे ने बताया कि हाटपीपलिया में नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना में 1 हजार हितग्राहियों को राशि वितरण अप्रैल माह के अंत तक करने के निर्देश दिए, साथ ही मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में 500 हितग्राहियों को राशि वितरण आगामी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए गए।

## विकासखंडों के कार्य में धीमी गति

आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय-सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक-एक वेतनवृद्धि रोकी जाएगी।

स्वदेश
26-4-22

### कलेक्टर ने झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए

# जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर कहा - जल संकट उत्पन्न नहीं हो, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधारी जाए

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



सोमवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं, जांच की जाए, जरूरी एक्शन ली जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम ग्रामीण सुश्री कृतिका भिमावद, एस डी एम राजेश शुक्ला तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी एस डी एम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की समय सीमा में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑर्गेनाइजर्स की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप है तथा सभी चालू हालत में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो, जहां पाइप लाइन खराब है तत्काल सुधारी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे ने बताया कि हाटपिपलिया में नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं। 26-4-22

बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वानिधि योजना में 1 हजार हितग्राहियों को राशि वितरण अप्रैल माह के अंत तक करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में 500 हितग्राहियों को राशि वितरण आगामी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी।

कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संचालित आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि फॉलोअप में ढिलाई नहीं बरती जाएं। अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के पश्चात सही ढंग से समय सीमा में फॉलोअप नहीं लिया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

कलेक्टर ने कोविड-19 सेंपलिंग कार्य में सैंपल संख्या वृद्धि के निर्देश दिए। खनिज विभाग की धरपकड़ कार्रवाइयों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कार्रवाईयां सतत जारी रखने के निर्देश दिए।

प्रसारण
26-4-22

जिले के पानी में बढ़ रहे घातक तत्व, सैंपलों की जांच में खुलासा

# हमारे जल में रासायनिक तत्वों की म

26-4-22

पत्रिका स्पॉटलाइट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट में पता चला है कि रतलाम जिले के कई इलाकों का पानी रासायनिक तत्वों के असंतुलन वाला हो गया है। बोरवेल से निकलने वाले पानी में तय सीमा से अधिक नाइट्रेट मिला है। केंद्रीय भूजल बोर्ड साल में तीन से चार बार भूमिगत जल के नमूने लेता है। इन नमूनों की जांच होती है। इससे यह पता चलता है कि किस क्षेत्र का पेयजल पीने योग्य है व कहां पर अधिक विभिन्न तरह के रसायन हैं। इसके अलावा भूमिगत जल कितना नीचे पूर्व की तुलना में मीटर में जा रहा है, की जानकारी दी जाती है।

आमतौर पर चार माह में आने वाली रिपोर्ट इस बार दो वर्ष में आई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड ने फिलहाल 2020 9 2021 की रिपोर्ट जारी की है। कई इलाको में बोरवेल के दौरान भूजल में भारी धातुओं मैंगनीज, लोहा और यहां तक कि यूरेनियम, नाइट्रेट की तय सीमा से अधिक की उपस्थिति पाई गई है। इससे पेयजल में कठोरता बढ़ रही है। इसमे रतलाम शहर, जावरा विकासखंड का पिपलोदा सहित अन्य क्षेत्र शामिल है। असल में बोर्ड ने मई 2020, अगस्त 2020, नवंबर 2020 व जनवरी 2021 में नमूने लिए है। रिपोर्ट के अनुसार 20 से 40 मीटर नीचे भूजल तेजी से गया है। इतना ही नहीं नाइट्रेट बढ़ा हुआ आया है।



## नलकूप का पानी लेते

असल में शहर को प्रतिदिन 40 लाख लीटर पानी के मुकाबले 20 से 22 लाख लीटर पेयजल ही धोलावाड़ से मिलता है। ऐसे में शहर के कई क्षेत्रों में नलकूप से निकला पानी ही पेयजल के रूप में उपयोग में हो रहा है। ऐसे में इस पानी में कम मात्रा में भारी धातु मानव शरीर के लिए सहनीय होती हैं, लेकिन वर्षों से इसके सेवन से अंगों के विकास में समस्या हो सकती है। आलोट, बाजना, बरखेड़ा, जावरा, मेवासा, खारवाकला, रावटी, रत्तागढखेड़ा,

वर्ष
2020 -21
2019 - 2
2018 - 1

सैलाना, सेज
सबसे अधि
बात यह है वि
तय मानक प्र
मिलीग्राम ना
मिलीग्राम,
मिलीग्राम, अ
नाइट्रेट पाया
2019 व 20
अधिक नाइट्

## कठोरता

पेयजल

पत्रिका 26-4-22

# 27 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

- दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पूरे दिन का वेतन
- बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चैक किया गया, जिसके तहत 25 अप्रैल को प्रातः 19 व दोपहर में 6 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा।

25 अप्रैल सोमवार को झोन क्रमांक 1 में पुष्पाबाई पति प्रहलाद, बादल-दिलीप, उमेश-प्रहलाद, विजय-सुरेश, अजय-विनोद, विजय- फुलचन्द, झोन क्रमांक 2 में धनराज- बसंत, विक्रम-रामलाल, रानीबाई पति धीरज, राजु-अब्बी, उषाबाई पति धन्नालाल, संगीताबाई पति अनिल, रेखाबाई पति जगदीश, इन्द्राबाई पति दिनेश, दीपक-राजु, कन्हैया-कमल, संजय-शिव, झोन क्रमांक 3 मुकेश-दिनेश, रीना पति मुकेश, दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 2 में रघुवीर-पूनमचन्द, नरेन्द्र-पप्पू, मनोरमा बाई पति मदन, अनिताबाई पति दीपक, लक्ष्मीबाई पति दीपक, झोन क्रमांक 3 में दिनेश-बाबुरामा इस तरह 25 कर्मचारियों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हें सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी। 26-4-21

प्रसारण
26-4-21

# सफाई मजदूरों ने दी 1 मई से सामूहिक अवकाश की चेतावनी

स्वदेश

रतलाम ● सम्पूर्ण प्रदेश में सफाई मजदूरों की मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है। इस संबंध में 18 सूत्रीय मांगों को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया, जिसमें चेतावनी दी गई कि यदि मांगें स्वीकृत नहीं हुई तो 1 मई को सामूहिक अवकाश लिया जाएगा, तत्पश्चात सम्पूर्ण सफाई मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस शहर अध्यक्ष कमल भाटी के नेतृत्व में जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं रतलाम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को संगठन के साथी अशोक हाड़े, सुरेंद्र आर्य, विजय चौहान, विजय भाटी, लेखराज भाटी, चंदन तंवर, ब्रजमोहन, सचिन कलोसिया, राजा गोहर, संतोष भाटी, सुमित्रा बेन, सुगना बाई, कमलाबाई डागर, पार्वती बाई आदि सदस्यों की उपस्थिति में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। 26-4-21

स्वदेश
26-4-21

# 27 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

26-4-22

रतलाम। वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। 24 अप्रैल को प्रात: 22 व दोपहर में 5 अनुपस्थित पाये गए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रविवार को झोन क्रमांक 1 में विक्की-दिनेश, बादल-दिलीप, राकेश-रतनलाल, विजय-सुरेश, अजय-विनोद, झोन क्रमांक 2 में रोहित-रमेश, नितीन-कमल, रमेश-मुंशी, महेन्द्र-नेहरू, रवि-सुरेश, शिवकन्या-रमेश, राकेश-रामप्रसाद, राधाबाई-गोपाल, उशाबाई-धन्नालाल, राजू-मोटूलाल, अमरपाल-गोपाल, मुन्नीबाई-बालकिशन, इन्द्राबाई-दिनेश, झोन क्रमांक 3 में फकीरचन्द-रतन, झोन क्रमांक 4 में सुनिताबाई-शिव, श्यामाबाई-जगदीश, राहूल-मनोहर, दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 2 में सरजूबाई-राजेन्द्रसिंह, संगीताबाई-रमेश, अनिताबाई-दीपक, कलाबाई-पिस्तोल, झोन क्रमांक 3 में नरेन्द्र-कन्हैयालाल को नोटिस जारी किया गया।

नवभारत

# कचरा, गंदगी व अतिक्रमण करने पर 6 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे

## ▶ गंदगी नहीं करने की दी समझाईश

नवभारत

दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 24 अप्रैल को 6 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

26-4-22

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, के निर्देशानुसार क्षत्रिय खटीक धर्मशाला पर 7000, नीलेश जैन पर 5000, अकबर पर 3000, अमीर, राकेश व संतोष पर 500-500 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

नवभारत
26-4-22




### समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जाए

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 26-4-22

सोमवार को संपन्न समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में फर्जी तथा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए दल गठित किए जाएं, जांच की जाए, जरूरी एक्शन लिया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम ग्रामीण सुश्री कृतिका भिमावद, एसडीएम राजेश शुक्ला तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की समय सीमा में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑर्गेनाइजर्स की ड्यूटी समय पर कराने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रतलाम शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त तथा सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के 768 नलकूप है तथा सभी चालू हालत में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो, जहां पाइप लाइन खराब है तत्काल सुधारी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गोगादे ने बताया कि हाटपिपलिया में नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराकर आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं। बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वानिधि योजना में 1 हजार हितग्राहियों को राशि वितरण अप्रैल माह के अंत तक करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में 500 हितग्राहियों को राशि वितरण आगामी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए गए।

आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रतलाम ग्रामीण, सैलाना तथा बाजना विकासखंडों में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तय समय सीमा में प्रगति नहीं आने पर सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों के वेतन रोके जाएंगे तथा एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संचालित आयुष्मति प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि फॉलोअप में ढिलाई नहीं बरती जाए। अभी देखने में आ रहा है कि कैंप के पश्चात सही ढंग से समय सीमा में फॉलोअप नहीं लिया जा रहा है जो उचित नहीं है। कलेक्टर ने कोविड-19 सेंपलिंग कार्य में सैंपल संख्या वृद्धि के निर्देश दिए। खनिज विभाग की धरपकड़ कार्रवाइयों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कार्रवाईयां सतत जारी रखने के निर्देश दिए।

राज एक्सप्रेस
26.4.22

जिले के पानी में बढ़ रहे घातक तत्व, सैंपलों की जांच में खुलासा

# जल में रासायनिक तत्वों की मात्रा 'असंतुलित'

26-4-22

सके अलावा भूमिगत जल कितना चे पूर्व की तुलना में मीटर में जा हा है, की जानकारी दी जाती है।

आमतौर पर चार माह में आने ाली रिपोर्ट इस बार दो वर्ष में आई । केंद्रीय भूजल बोर्ड ने फिलहाल 020 9 2021 की रिपोर्ट जारी की । कई इलाको में बोरवेल के दौरान ूजल में भारी धातुओं मैंगनीज, ोहा और यहां तक कि यूरेनियम, ाइट्रेट की तय सीमा से अधिक की पस्थिति पाई गई है। इससे पेयजल कठोरता बढ़ रही है। इसमे तलाम शहर, जावरा विकासखंड ा पिपलोदा सहित अन्य क्षेत्र ामिल हैं। असल में बोर्ड ने मई 020, अगस्त 2020, नवंबर 020 व जनवरी 2021 में नमूने लिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार 20 से 40 मीटर नीचे भूजल तेजी से गया है। इतना ही नहीं नाइट्रेट बढ़ा हुआ आया है।



नलकूप का पानी लेते।

असल में शहर को प्रतिदिन 40 लाख लीटर पानी के मुकाबले 20 से 22 लाख लीटर पेयजल ही धोलावाड़ से मिलता है। ऐसे में शहर के कई क्षेत्रों में नलकूप से निकला पानी ही पेयजल के रूप में उपयोग में हो रहा है। ऐसे में इस पानी में कम मात्रा में भारी धातु मानव शरीर के लिए सहनीय होती हैं, लेकिन वर्षों से इसके सेवन से अंगों के विकास में समस्या हो सकती है। आलोट, बाजना, बरखेड़ा, जावरा, मेवासा, खारवाकला, रावटी, रत्तागढखेड़ा, सैलाना, सेजावता, ताल में नाइट्रेट सबसे अधिक मिला है। चिंता की बात यह है कि वर्ष 2021 में ताल में तय मानक प्रति लीटर पेयजल में 45 मिलीग्राम नाइट्रेट के मुकाबले 125 मिलीग्राम, जावरा शहर में 107 मिलीग्राम, आलोट में 51 मिलीग्राम नाइट्रेट पाया गया है। इन स्थान पर 2019 व 2020 में भी तय मानक से अधिक नाइट्रेट पाया गया।

| वर्ष | कुओं की निगरानी |
|---|---|
| 2020 -21 | 49 |
| 2019 - 20 | 49 |
| 2018 - 19 | 49 |

## कठोरता में यह स्थिति

पेयजल की प्रति लीटर कठोरता 200 मिलीग्राम का पैमाना है, जबकि जिले की बात करें तो 2021 में ही पिपलोदा के बरखेड़ा में 715, जावरा में 710, नामली में 680, रतलाम शहर में 605, सेजावता में 910, ताल में 935 मिलीग्राम कठोरता प्रति लीटर पानी में पाई गई। मैंगनीज, लोहा और यहां तक कि यूरेनियम, नाइट्रेट की तय सीमा से अधिक की उपस्थिति होने पर पानी में कठोरता आती है।

**एक्सपर्ट व्यू**

कभी-कभी नहाने के लिए भी इस पानी का उपयोग करना काफी हद तक सही है, लेकिन इसे पीने से गुर्दे या आंतों जैसे अंगों पर प्रभाव पड़ता है। इतना ही नहीं, इस प्रकार के पेयजल के लगातार उपयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारी भी होती है। - **डॉ. लीला जोशी,** पदमश्री प्राप्त चिकित्सक

## बंद किए जा रहे प्रदूषित जल वाले बोरवेल

जिले में भूजल का स्टेंडर्ड पैमाना 30 मीटर का है,लेकिन बदलते दौर में पानी 40 मीटर नीचे चला गया है। बाजना ब्लॉक में पानी को फिल्टर कर देने की शुरुआत की गई है। जहां अधिक प्रदूषित भूजल है, उस स्थान के बोरवेल को बन्द किया जा रहा है। - **प्रदीप गोगई,** कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

दिभा 26-4-22

पर्यावरण विभाग की नई पहल

# 5 कसौटियों पर खरा उतरने वाले शहरों को मिलेगा हर साल ग्रीन सिटी एवार्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

26-4-22

मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग ने शहरो में हरियाली को बढ़ावा देने ,वायु प्रदूषण खत्म करने , पर्यावरण में सुधार लाने के लिए, एक नई पहल की शुरूआत की है। शहर की हरियाली व शहरी पर्यावरण को शासन द्वारा तय किये गए 5 इंडेक्स के तहत परखा जायगा । जो भी शहर पर्यावरण विभाग द्वारा स्थापित व निर्देशित ग्रीनसिटी इंडेक्स पर खरे उतरेंगे , ऐसे शहरों के नगर निगमो को पर्यावरण विभाग द्वारा ग्रीन सिटी एवार्ड का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जायगा।

पर्यावरण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्रीन सिटी इंडेक्स की कसौटी पर जब शहरों की हरियाली व पर्यावरण को परखा जायगा तो नगर निगमो मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा तो निश्चित ही पर्यावरण में सुधार होगा । यह ग्रीन सिटी एवार्ड मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग द्वारा हर साल दिए जाएंगे।



## पोर्टल पर देना होगी 31 मार्च तक जानकारी

ग्रीन सिटी एवार्ड के लिए ,इन पांच सूचकांक यानी इंडेक्स से सम्बंधित पुख्ता जानकारी नगर निकायों या निगमो द्वारा 31 मार्च तक नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बनाये गए पोर्टल पर देना होंगी इसके बाद मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग की टीम निगमो द्वारा दी गयी जानकारी को प्रमाणित करने के लिए सर्वे के जरिये सत्यापित करेगी, फिर पर्यावरण सम्बन्धित प्रगति व सुधारो के आधार पर, शहर के निकायों को सम्मानित किया जायेगा।

## शहरों को हराभरा बनाने के लिए ग्रीन सिटी इंडेक्स की स्थापना

## इन 5 कसौटियों पर परखेंगे शहरों को

पर्यावरण मामले में ग्रीन सिटी एवार्ड देने के लिए शहरी नगर निगमो की रैंकिंग इन 5 इंडेक्स के के हिसाब से तय की जायेगी। यानी शहरों के पर्यावरण को इन कसौटियों पर परखा जायगा । रैंकिंग में

1-पिछले साल की अपेक्षा वर्तमान में शहरी क्षेत्र में हरियाली में कितनी बढ़ोतरी हुई।

2-साल भर में शहर सीमा में कितना वृक्षारोपण व उसका संरक्षण किया गया

3- हवा को साफ स्वच्छ रखने के लिए वायु गुणवत्ता सम्बन्धित क्या क्या कदम उठाए गए।

4- प्रदूषण रोकने के लिए क्या -क्या उपाय किये गए

5 - वाहनों से होने वाले प्रदूषण को समाप्त करने के लिए किस ईंधन ऊर्जा का

अवन्तिका
26-4-22

### कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में भूमाफिया पर प्रहार

# कॉलोनियों में कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित 765 भूखंडों को ढूंढ निकाला

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम** 25-4-22

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में भूमाफिया पर एक और प्रहार किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए रतलाम शहर तथा जिले के अन्य स्थानों की 35 कॉलोनियों से उन भूखंडों को ढूंढ निकाला गया है जो शासन के नियमानुसार कॉलोनाइजर द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित रखते हुए उन वर्गों को दिए जाने थे परंतु अब तक नहीं दिए गए। शासन के नियम अनुसार प्रत्येक कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूखंड गरीब एवं कमजोर आय वर्गों के लिए सुरक्षित रखकर नियम अनुसार उन वर्गों को विक्रय किए जाते हैं।

जिले की 35 कालोनियों में 765 भूखंड ऐसे निकले हैं जिन पर गरीब एवं कमजोर आय वर्ग का हक है जो कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम की पहल पर अब उनको मिलने वाला है। आवेदकों के भूखंडों संबंधी आवेदनों पर कमजोर वर्ग को उसका हक दिलाने के लिए कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल की गई। कलेक्टर ने भूखंडों की स्थिति सामने लाने के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय को निर्देशित किया। शहरी विकास अभिकरण कार्यालय द्वारा बड़ी मेहनत करके फाइलों की पड़ताल कर भूखंडों को सामने लाया गया है। कालोनियों में कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित प्लाट ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के हैं जिन्हें हकदारों को आवंटित करने के लिए कॉलोनाइजर्स को आदेशित किया जा रहा है कि 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। कलेक्टर अनुमोदन पश्चात भूखंड उनके हकदारों को आवंटित कर दिए जाएंगे।

21 कालोनियों में 395 भूखंड है, इनमें 198 ईडब्ल्यूएस अर्थात आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हैं तथा 197 भूखंड एलआईजी अर्थात निम्न आय वर्ग के लिए हैं। इसी प्रकार शहर की सम्यक रिसोर्सेज कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्गों के लिए कुल 1650 स्क्वेयर मीटर भूमि उपलब्ध है। सम्यक गोल्ड सिटी कॉलोनी में जी प्लस टू ब्लॉक तथा 73 भूखंड एलआईजी वर्ग के लिए हैं। इसी प्रकार आदिनाथ सिटी करमदी रोड पेट्रोल पंप के पीछे कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 430 स्क्वेयर मीटर भूमि एवं एलआईजी के लिए 22 भूखंड उपलब्ध है। ग्रीन सिटी अशोक नगर के पीछे कॉलोनी में 465 स्क्वेयर मीटर भूमि ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए एवं 23 भूखंड एलआईसी वर्ग के लिए हैं। इसके अलावा पुखराज रेसिडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 6 तथा एलआईजी के 5 भूखंड हैं। निमंत्रण डेवलपर्स की पुखराज रेसिडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 तथा एलआईजी का एक भूखंड उपलब्ध है। अंजनीधाम कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 26, एलआई जी के लिए 13, श्रीकृष्ण विहार ग्राम धराड़ में 17 ईडब्ल्यूएस भूखंड उपलब्ध है।

सिंघम रिपोर्ट
25-4-22

**जलप्रदाय** | **पांच टंकियों में आपूर्ति बेहतर होगी, पटरी पार क्षेत्र में भी राहत मिलेगी**

# धोलावड़ के पुराने इंटकवेल से 30 साल पुराने पंप हटाएंगे, दो नए पंप लगेंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में जल आपूर्ति को निगम की परीक्षा मई माह में होगी। मांग बढ़ने व धोलावड़ जलाशय में पानी कम होने से दोहरी परेशानी होगी। इससे निपटने के लिए निगम स्तर पर जो इंतजाम किए गए हैं वो कुछ राहत भी दे सकते हैं। माह के अंत तक जेकवेल से नए इंटकवेल में पानी पहुंचाने के लिए मड पंप लगना तय है। इधर निगम अब पुराने इंटकवेल पर दो नए पंप लगाने जा रहा है। इससे पांच टंकियों में प्रेशर से पानी मिलने पर समय से टंकी भरी जा सकेगी। जनवरी माह में टेंडर व वर्कआर्डर जारी होने के बाद 30 अप्रैल तक दोनों पंप निगम को मिल जाएंगे।



प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ कर करने वाला धोलावड़ जलाशय। ● फाइल फोटो 26-4-22

अभी शहर में टंकियां समय पर नहीं भर पा रही हैं। सोमवार को गंगासागर, शांतिनगर व पोलोग्राउंड टंकी से देर से सप्लाई की गई थी। मंगलवार को भी गंगासागर टंकी से शाम को आपूर्ति की गई। दरअसल अभी नई पाइपलाइन से पटरी पार व पुरानी लाइन से पुरानी टंकियों को भरा जा रहा है। पुराने इंटकवेल पर लगे पंप पुराने होने से आपूर्ति में ज्यादा समय लगता है। 306 एचपी के दो नए पंप लगने से गोशाला पोलोग्राउंड, थावरिया, दीनदयाल नगर, महावीर नगर की टंकियों को कम समय में भरा जा सकेगा।

**कलेक्टर के निर्देश, नहीं हो गड़बड़ी**

सोमवार सुबह सीएम शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश में जलसंकट को लेकर बैठक ली और दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी शहर व जिले में जलापूर्ति की समीक्षा कर एसडीएम व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जल संकट उत्पन्न नहीं हो। कार्यपालन यंत्री पीके गोगादे ने बताया कि हाटपिपलिया में नल जल योजना से आपूर्ति शुरू कर दी गई है। कसारी ग्राम में मंगलवार तक व्यवस्था कर दी जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पेयजल के लिए जहां भी परिवहन की आवश्यकता हो, तत्काल परिवहन कार्य आरंभ कराएं। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम शहर में निगम के सभी 768 नलकूप चालू हालत में हैं। कलेक्टर ने कहा कि शहर में जलापूर्ति के लिए आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो, जहां पाइप लाइन खराब है तत्काल सुधारी जाए।

## मडपंप लगने पर बढ़ेगी मशक्कत

मालूम हो कि अच्छी बारिश के बाद अक्टूबर 2021 तक शहर की जलआपूर्ति का एकमात्र स्रोत धोलावड़ जलाशय पूरी क्षमता (395) मीटर तक भरा था। जलस्तर वर्तमान में 385 मीटर पर आ चुका है। 385 से नीचे जाते ही मडपंप लगाना पड़ेगे। जलस्तर 388 मीटर से कम होने के बाद पानी जेकवेल से आने लगता है। जेकवेल व इंटकवेल के बीच की दूरी करीब 500 मीटर है। यहां भी पानी कम होने पर फ्लोटिंग प्लेटफार्म पर मडपंप लगाकर पानी जेकवेल में लाकर वहां से इंटकवेल तक पहुंचाया जाता है। शहर में एक दिन में 42 एमएलडी पानी की मांग है। एक दिन छोड़कर जलप्रदाय में निगम एक दिन 25 तो दूसरे दिन 30 एमएलडी पानी की आपूर्ति करता है। इसके अलावा मेडिकल कालेज, इप्का, जिला अस्पताल, एमसीएच में भी एक लाख लीटर से अधिक पानी की आपूर्ति की जा रही है।

> पुराने इंटकवेल पर पंप 1983 में लगाए गए थे। पुराने होने से आपूर्ति में समय ज्यादा लगता है। टेंडर के बाद कंपनी से 30 अप्रैल तक नए दो पंप मिल जाएंगे। इससे शहर में पुरानी टंकियों को कम समय में भर सकेंगे।
>
> **-हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री व जलप्रदाय विभाग प्रभारी नगर निगम**

नई दुनिया
26-4-22